# Code No. 1303

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11-M/2020**

रोल नं० : ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 तथा प्रश्न 12 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये* **कोड नम्बर** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।*



Visit cclchapter.com for More Papers

*नोट :- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *सही* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(क) परंपरावादी जोरू को क्या मानते हैं ?

(i) दिव्य शक्ति (ii) रचयित्री

(iii) पैर की जूती (iv) शांता

(ख) कारागार में भवानी प्रसाद किस कार्य में व्यस्त रहे ?

(i) कातने में (ii) बुनने में

(iii) रँगाई में (iv) लड़ने में

(ग) गांधी बाबा की क्या इच्छा थी ?

(i) अमर होना (ii) शहीद होना

(iii) विश्व-विख्यात होना (iv) जन-जन पढ़े

(घ) 'निजाम' शब्द का क्या अर्थ है ?

(i) नमाज (ii) शासक

(iii) समाज (iv) जन्नत

(ङ) क्रोध क्या मचाता है ?

(i) उथल-पुथल (ii) ठाठ-बाट

(iii) सुख-चैन (iv) ज्ञान-विज्ञान



**Visit cclchapter.com for More Papers**

(च) अंतरिक्ष की छत पर क्या छिटकते हैं ?

(i) दाने (ii) तारे

(iii) मोती (iv) हीरे

(छ) मीरा क्या खो चुकी थी ?

(i) धन (ii) जमीन

(iii) लोक-लाज (iv) भक्ति

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

सबसे खतरनाक वह दिशा होती है
जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए
और उसकी मुर्दा धूप का कोई टुकड़ा
आपके जिस्म के पूरब में चुभ जाए।

**अथवा**

बिका दिया घर द्वार
महाजन ने न ब्याज की कौड़ी छोड़ी,
रह-रह आँखों में चुभती वह
कुर्क हुई बरधों की जोड़ी
उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती ?
अह, आँखों में नाचा करती
उजड़ गई जो सुख की खेती।



Visit cclchapter.com for More Papers

**3.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

निकल रहा है जलनिधि-तल पर दिनकर बिंब अधूरा।
कमला के कंचन-मंदिर का मानो कांत कंगूरा।।
लाने को निज पुण्य-भूमि पर लक्ष्मी की असवारी।।
रत्नाकर ने निर्मित कर दी स्वर्ण सड़क अति प्यारी।।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) कवीर की सुधारवादी चेतना का परिचय दीजिए।

(ख) 'सबसे खतरनाक' कविता का सार लिखिए।

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र के परिवार को रेखांकित कीजिए।

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *सही* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 7 = 7

(क) स्पीति में वर्षा होती है :

(i) अत्यधिक (ii) सामान्य
(iii) कम (iv) बिलकुल नहीं

(ख) रजनी ने शिक्षा-संसार की किस बुराई का विरोध किया ?

(i) ट्यूशन (ii) दहेज
(iii) वाल-विवाह (iv) भ्रूण-हत्या



Visit cclchapter.com for More Papers

(ग) जामुन के पेड़ के नीचे दबे आदमी के पास क्या दिखाई पड रही थी ?

(i) थल सेना (ii) जल सेना

(iii) वायु सेना (iv) भीड़

(घ) नेहरूजी ने दक्षिण भारत में कहाँ तक यात्रा की ?

(i) हैदराबाद तक (ii) कन्याकुमारी तक

(iii) बंगलौर तक (iv) धारवाड़ तक

(ङ) काम ढूँढ़ने वाले व्यक्ति की नजर में क्या रहती है ?

(i) आजीविका (ii) भक्ति

(iii) मुक्ति (iv) विलासिता

(च) धनराम को डाँटने वाले अध्यापक का नाम बताइए :

(i) अवधेश सिंह (ii) निखिल सिंह

(iii) त्रिलोक सिंह (iv) इन्द्र सिंह

(छ) संसार के सबसे पुराने देश का नाम बताइए :

(i) पोलैंड (ii) भारतवर्ष

(iii) पाकिस्तान (iv) बंगलादेश

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

गलती करने वाला तो है ही गुनाहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनाहगार नहीं होता; जैसे लीला बेन और कांति भाई और हजारों-हजारों माँ-बाप। लेकिन सबसे बड़ा गुनाहगार तो वह है जो चारों तरफ अन्याय, अत्याचार और तरह-तरह की धाँधलियों को देखकर भी चुप बैठा रहता है।



Visit cclchapter.com for More Papers

अथवा

सामान्य तौर से ब्राह्मण टोले के लोगों का शिल्पकार टोले में उठना-बैठना नहीं होता था। किसी काम-काज के सिलसिले में यदि शिल्पकार टोले में आना ही पड़ा तो खड़े-खड़े बातचीत निपटा ली जाती थी। ब्राह्मण टोले के लोगों को बैठने के लिए कहना भी उनकी मर्यादा के विरुद्ध समझा जाता था। पिछले कुछ वर्षों से शहर में जा रहने के बावजूद मोहन गाँव की इन मान्यताओं से अपरिचित हो ऐसा संभव नहीं था।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 + 2 = 4

(क) स्पीति की फसलों एवं वातावरण का वर्णन कीजिए।

(ख) 'जामुन का पेड़' के आधार पर सरकारी कार्यालयों की कार्य-प्रणाली पर प्रकाश डालिए।

**8.** बालमुकुंद गुप्त *अथवा* शेखर जोशी के जीवन परिचय, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 3

**9.** *'वितान'* (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

(क) लता मंगेशकर की लोकप्रियता का कारण स्पष्ट कीजिए।

(ख) कुंई का मुख छोटा रखने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) गोधूलि वेला में कुंइयों पर मेला-सा क्यों लग जाता है ?



Visit cclchapter.com for More Papers

(घ) बेबी के प्रति तातुश की आत्मीयता का वर्णन कीजिए।

(ङ) घर टूटने के उपरांत बेबी की रहने की व्यवस्था किस प्रकार से हुई ?

**10.** *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जनसंचार माध्यमों ने आमजन को किस प्रकार से प्रभावित किया है ? 6

(ख) समाचार-पत्र में पत्रकार पद के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए। 6

(ग) (i) समाचार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) अनुस्मारक किसे कहते हैं ? 1

(iii) पटकथा की मूल इकाई का नाम लिखिए। 1

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

प्राकृतिक विज्ञान की सर्वोच्च रचना का नाम मानवीय अन्तःकरण है। मनुष्य के मस्तिष्क में अन्तर्वाहनियों का ऐसा अनुशासित जाल है, जिसके संतुलन को साधते-साधते भी जाल प्रायः जंजाल बन जाता है। कार्य-वर्ग ज्यों-ज्यों बढ़ता गया, जीवन त्यों-त्यों जटिल बनता गया। मानव शारीरिक अवयवों से परे मन, बुद्धि और चित्त को अनुभूत करता हुआ भी उनकी आनन्दमयी चेतना से दूर हटता चला गया। इस प्रकार सुखों का घर दुखों का घर बन गया। मूल समस्या के समाधान हेतु मानव जितने उपाय निकालता गया उतना ही निरुपाय बनता गया।



Visit cclchapter.com for More Papers

*प्रश्न :-*

(क) जीवन की जटिलता का क्या कारण है ?

(ख) मस्तिष्क में किसकी प्रधानता है ?

(ग) सुख का घर दुख का घर क्यों बन जाता है ?

(घ) प्रकृति की सबसे अच्छी रचना क्या है ?

**12.** (क) संधि-विच्छेद कीजिए 1 + 1 = 2

मनोज्ञ, मध्वाचार्य।

(ख) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1 + 1 = 2

नियमावली, काली मिर्च।

(ग) वाक्य-शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) गांभीर्यता को अपनाना चाहिए।

(ii) आज आतंकी आक्रमण की आशा है।



Visit cclchapter.com for More Papers